Regarding adequate water supply in Rajasthan

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला **(झुन्झुनू) :** सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । पंजाब में सतलुज और उसकी सहायक नदियों में बहुत ही प्रदूषित और शहरों का अपशिष्ट उसमें प्रवाहित किया जा रहा है । इंदिरा गांधी नहर, गंग कैनाल और सरहिंद फीडर, ये नहरें राजस्थान में आती हैं । हमारे राजस्थान में लगभग 13 जिलों में इन नहरों से पीने का पानी भी पहुंचता है । जब राजस्थान में हमारी सरकार थी, तब हम एनजीटी में गए और एनजीटी ने आदेश पारित किया कि प्रदूषण कम किया जाए । लुधियाना से एक बुद्ध नाला निकलता है, जिसको पहले बुद्ध दरिया कहा जाता था । लुधियाना के सारे फैक्ट्रियों और सीवरेज का पानी सतुलज और हरिके बैराज के माध्यम से राजस्थान में आता है और उससे हजारों लोग कैंसर से ग्रसित होते हैं । एक ट्रेन पंजाब, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ से आती है, उसको कैंसर स्पेशल ट्रेन कहा जाता है ।

महोदया, मेरा आपके माध्यम से यह आग्रह है कि 650 करोड रुपए इसके लिए मंजूर भी हो चुके हैं और इन नदियों में शहरों और औद्योगिक इकाइयों के प्रदूषित अपशिष्ट आते हैं, उसको रोक कर, पानी को शुद्ध करके राजस्थान के नहरों में प्रवाहित किया जाए, जिससे लोग बीमारी से ग्रसित न हों । बहुत-बहुत धन्यवाद, जय हिंद ।